तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

4

आरमुड़ा में बनेगा स्टेडियम, खेल प्रतिभाओं को निखारने की तैयारी



ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
14 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
8

खबर संक्षेप

बस पास के लिए आज से दो दिवसीय शिविर

रायगढ़। जिले के 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को बस पास की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला परिवहन कार्यालय गढ़उमरिया, रायगढ़ में 14 एवं 15 अक्टूबर को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर दोनों दिवस सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। जिले के ऐसे वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 80 वर्ष से अधिक है, वे शिविर में उपस्थित होकर बस पास के लिए आवेदन कर सकते हैं। बस पास बनवाने के लिए वरिष्ठ नागरिकों को अपने साथ आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। जिला परिवहन विभाग ने पात्र वरिष्ठ नागरिकों से निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में उपस्थित होकर बस पास सुविधा का लाभ लेने की अपील की है।

कल कोलता समाज का नुआखाई भेंटघाट समारोह

रायगढ़। कोलता समाज संभाग रायगढ़ का नुआखाई भेंटघाट एवं प्रतिभा सम्मान समारोह रायगढ़ के शहीद विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम में 15 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा इसके लिए समाज के ग्रामीण स्तर से लेकर शाखा सभा, आंचलिक सभा तथा संभाग स्तरीय सभा पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हो गई है। कोलता समाज इस कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साहित है तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके लिए संभाग के आठ अंचलों के नाम पर आठ स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं जहां का द्वार इन क्षेत्रों के मुख्य कृषि फसल साग सब्जियों से सजाया जा रहा है। रायगढ़ पूर्वांचल में परवल की खेती बहुतायत होती है इस लिए यहां परवल से सजाया जाएगा द्वार धर्मजयगढ़ मक्का के लिए जाना जाता है, इसलिए मक्का से गेट सजाया जाएगा।

पहले थी कम आबादी अब आबादी के साथ बड़ी-बड़ी अट्टालिकाएं हो चुकी है खड़ी

सीएसपीडीसीएल का स्टोर कोसमनारा में हो सकता है शिफ्ट, जमीन की हो रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सब कुछ ठीक.ठाक रहा तो कोतरा रोड स्थित सीएसपीडीसीएल का स्टोर कोसमनारा में शिफ्ट हो सकता है।पूर्व में यहां की आबादी काफी कम थीए लेकिन धीरे . धीरे मोहल्ले की आबादी बढ़ी और वर्तमान में यहां बड़ी . बड़ी कालोनियों के अलावा अट्टालिकाएं खड़ी हो गई है। ऐसे हालात में अब स्टोर को शिफ्ट करना जरूरी हो गया है। इसके लिए सीएसपीडीसीएल ने जहां जिला प्रशासन से जमीन की मांग की है। वहीं जमीन की तलाश पूरी होते ही वहां कंस्ट्रक्शन का काम चालू हो जाएगा।

कोतरा रोड स्थित सीएसपीडीसीएल का स्टोर रिहायशी इलाके में होने की वजह से डर बना रहता है। बीते सालों में वहां कई बार आग लगने की घटना सामने आ चुकी है। हालांकि गनीमत यह रहती है कि अब तक आग की वजह से किसी तरह की बड़ी घटना नहीं हुई है। विभाग को ही नुकसान उठाना पड़ता है। याने अब सुरक्षा के लिहाज से भी स्टोर रखना उचित नहीं समझा जा रहा है। ऐसे हालात में स्टोर को शिफ्ट करने की प्लानिंग चल रही है।

इसके लिए अधीक्षण अभियंता ब की ओर से जिला प्रशासन से जमीन की मांग की है। विभागीय पत्र में वर्तमान में छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड का क्षेत्रीय भंडार रायगढ़ के सघन रिहायशी इलाके में स्थित है। जिस जन सुरक्षा और प्रशासनिक सुविधा के लिहाज से किसी अन्य सुरक्षित जगह पर विस्थापित करना नितांत आवश्यक होने की बात कही गई है। इस प्रयोजन के लिए विभाग को जिला मुख्यालय के समीप शहरी और आबादी क्षेत्र से दूर स्थापित करने की योजना है। इसके लिए कोसमनारा पटवारी हल्का नंबर 8 स्थित सरकारी जमीन खसरा नंबर 20/1 रकबा करीब 8 एकड़ की मांग की गई है।

रिहायशी इलाके में होने की वजह से बना रहता है डर



सुरक्षित है जमीन

यह जमीन वर्तमान में पूरी तरह से खाली और विवादरहित, बाउंड्रीवॉल से सुरक्षित होने की बात कही जा रही है। इस जमीन को सीएसपीडीसीएल के लिए भंडार, कार्यालय और परिसर निर्माण के लिए उपयुक्त मानी जा रही है। ऐसे में लोकहित और सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस सरकारी जमीन को क्षेत्रीय भंडार के विस्थापन के लिए कार्यपालन यंत्री सिविल संभाग सीएसपीडीसीएल बिलासपुर के नाम करने की मांग की गई है।

सितंबर में हुई सुनवाई

इस जमीन को सीएसपीडीसीएल को आबंटित करने के लिए बीते सितंबर में ही सुनवाई रखी गई थी। इसमें दावा आपत्ति मंगाई थी, लेकिन किसी ने दावा आपत्ति किया या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। दूसरी ओर सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों ने जमीन की मांग जरुर की है, लेकिन वर्तमान में इसके स्टेटस रिपोर्ट उनकें पास भी नहीं है। याने जमीन का आबंटन होगा या नहीं इसकी जानकारी भी विभाग के पास नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि मांग की गई थी, लेकिन अब तक आबंटन संबंधी दस्तावेज उनके पास आया नहीं है।

केलो डैम में युवक-युवती से लूटपाट, मारपीट कर नकद व मोबाइल छीने

रायगढ़। शहर के केलो डैम घूमने गए युवक-युवती के साथ लूटपाट का मामला सामने आया है। युवक युवती घूम कर वापस लौटने की तैयारी कर रहे थे, तभी 3-4 अज्ञात युवक वहां पहुंच गए। बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट कर 1 हजार 500 रुपए नकद और मोबाइल लूट लिया। वहीं, युवती का मोबाइल भी छीन लिया। वारदात के बाद आरोपी बाइक की चाबी फेंककर मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जोगीडीपा निवासी सानू सारथी अपनी दोस्त ईशिका कुमरे के साथ मोटरसाइकिल से केलो डैम घूमने गया था। शाम को दोनों घर लौटने की तैयारी कर रहे थे, तभी 3-4 अज्ञात युवक उनके पास पहुंचे। युवकों ने ईशिका को साथ लेकर आने पर सवाल उठाए और पुलिस को फोन करने की धमकी देने लगे। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने सानू के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उसकी जेब में रखे 1 हजार 500 और मोबाइल लूट लिया।

बालिका को भगाने व शोषण का आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

रायगढ़। नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगाने व उसका शारीरिक शोषण करने के मामले में रैरूमाखुर्द पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफतार कर लिया है। वहीं बालिका को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। इस मामले में एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।



इस संबंध में मिली जानकारी बीते 25 सितंबर को बालिका के पिता ने पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि भोजन करने के बाद परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सोने चले गए थे। उनकी 16 वर्षीय बेटी भी अपने कमरे में सोई थी, लेकिन अगले दिन सुबह वह कमरे में नहीं मिली। परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन बालिका का कोई पता नहीं चला। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका पर पुलिस ने धारा 137(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बालिका को ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के हिमगीर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेगारपानी, भोगराकछार निवासी परमानंद कंवर अपने साथ ले जाकर घर में रखा है। सूचना मिलने पर रैरूमाखुर्द चौकी से पुलिस टीम रेगारपानी रवाना हुई। पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर तलाश की, जहां बालिका मिल गई। आरोपी उस समय मौके से फरार था। पुलिस ने बालिका को बरामद कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की। महिला पुलिस अधिकारी द्वारा बालिका का कथन दर्ज कराया गया तथा काउंसलिंग के बाद उसे उसके पिता के सुपुर्द किया गया। पीड़िता के कथन में आरोपी परमानंद कंवर द्वारा शादी का प्रलोभन देकर मोटरसाइकिल से उसे रेगारपानी ले जाकर अपने घर में लगातार शारीरिक शोषण किए जाने की बात सामने आई। इसके बाद चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक इगेश्वर यादव द्वारा पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया तथा आरोपी परमानंद कंवर, पिता छवि कंवर, उम्र 34 वर्ष, निवासी रेगारपानी, के विरुद्ध प्रकरण में धारा 62(2)(ड) बीएनएस एवं धारा 4, 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गईं। प्रकरण में फरार आरोपी की तलाश लगातार की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने उसे उसके गांव के मुख्य मार्ग पर पल्सर मोटरसाइकिल के साथ पकड़ लिया।

देर रात दल से बिछड़े शावक को मिलाया, सुबह 5 किमी दूर मिला शव, पहचान को लेकर सस्पेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल में फिर एक नन्हे हाथी शावक का शव सारसमार गांव के करीब तीहीली खार क्षेत्र में मिला है। यह वही क्षेत्र है, जहां रविवार को अपने दल से बिछड़े शावक को वन अमले ने काफी मेहनत व मशक्कत के बाद सोमवार-मंगलवार की देर रात को दल से मिलाया था। हालांकि अभी इस शव की पहचान को लेकर सस्पेंस बना हुआ है, कि यह वही शावक है। शंका इसलिए भी गहरी है कि क्योंकि यह क्षेत्र मिलन स्थल से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

हालांकि यह मृत शावक उसी दल का होना बताया जा रहा है। किंतु इस बात की पुष्टि वन विभाग फिलहाल नहीं कर पा रहा है कि यह वही शावक है जो दल से बिछड़ गया था या फिर कोई और। यही वजह है कि कई तथ्यों को लेकर जांच किए जाने की बात कही जा रही है। वहीं दूसरी ओर मौके पर पहुंच कर चिकित्सकों के पीएम करने के बाद हाथी शावक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। गौरतलब है कि रविवार की रात को छाल वन परिक्षेत्र के रिलो गांव के आसपास करीब 40 हाथियों का दल खेतों की ओर पहुंचा था। इसी दौरान एक नन्हा शावक अपने दल से बिछड़कर खेत में ही रह गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद वन अमला और हाथी मित्र दल के सदस्य मौके पर पहुंचे। जहां काफी देर तक निगरानी करने के बावजूद हाथियों का दल शावक को लेने नहीं पहुंचा। इसके बाद वन विभाग की टीम शावक को रेंज कार्यालय ले आया, जहां उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए उसे पर्याप्त मात्रा में दूध तथा नारियल पानी पिलाई गया। इसके बाद शावक को उसके दल से दोबारा मिलाने के लिए अभियान शुरू किया गया। शावक को उसके परिवार तक पहुंचाने के लिए वन विभाग की टीम ने काफी प्रयास किए। इस दौरान थर्मल ड्रोन की मदद से हाथियों के दल की लोकेशन का पता लगाया । इसके बाद रविवार की देर रात करीब 1 बजे शावक को हाथियों के दल से कुछ दूरी पर सुरक्षित छोड़ा गया और उसकी निगरानी की गई। इसके कुछ समय बाद हाथियों का दल उस स्थान पर पहुंचा, जहां शावक को छोड़ा गया था। वन विभाग के अनुसार शावक उस दल के साथ आगे बढ़ गया। इस दौरान हाथियों के चिंघाड़ने की आवाज भी सुनाई दे रही थीं। हालांकि इसके कुछ घंटों बाद ही इस स्थल के करीब 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सारसमार गांव के तीहीली खार स्थित एक खेत में हाथी के शावक के शव पर ग्रामवासियों की नजर पड़ी। चुंकि यह स्थान मिलन स्थल के ज्यादा दूर नहीं है, ऐसे में हाथी शावक की शव मिलने की सूचना पर डीएफओ सहित वन विभाग के तमाम अधिकारी व हाथी मित्र दल के सदस्य भी पहुंचे। खेत में पानी व कीचड़ अधिक होने की वजह से शावक के शव को बाहर निकालने में भी काफी मशक्कत करनी पड़ी।





मौत के कारण स्पष्ट नहीं

इस संबंध में धरमजयगढ वनमंडल के डीएफओ सत्यदेव शर्मा ने बताया कि जिस शावक का शव मिला है, यह उसी दल का है, लेकिन बिछड़ा हाथी है यह अभी कह पाना मुश्किल है। चूंकि इस दल में और भी शावक थे, ऐसे में फिलहाल यह कह पाना मुश्किल है कि यह वही शावक है जो मादा हाथी से बिछड़ गया था। हालांकि इसकी पहचान के लिए पूर्व में लिए गए फोटो व वीडियो सहित उसके शरीर के चिन्ह आदि की जांच की जाएगी। वहीं मौत के कारणों को भी जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

सारसमार गांव के तीहीली खार स्थित एक खेत में हाथी के शावक का शव मिला है, लेकिन यह पुष्ट नहीं हो सका है कि यह उसी शावक का शव है जो दल से बिछड़ गया था। ऐसे में इसकी पुष्टि करने के लिए जांच की जा रही है, वही पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही इसकी मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

सत्यदेव शर्मा, डीएफओ
धरमजयगढ़ वनमंडल रायगढ

तकनीकी समस्याओं के समाधान व दमनात्मक कार्रवाई वापस लेने की मांग

पटवारियों की हड़ताल शुरू, पीवी ऐप के विरोध में कर रहे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राजस्व पटवारी संघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। पटवारी एकजुट होकर शासन-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। पीवी ऐप के माध्यम से फसलों के भौतिक सत्यापन में आ रही तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए पहले भी शासन और विभाग को अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई।

संघ ने ऐप से जुड़ी समस्याओं के साथ-साथ पटवारियों पर की जा रही कार्रवाई को लेकर भी विरोध जताया है। वहीं दूसरी ओर पटवारियों के हड़ताल में चले जाने की वजह से तहसील में आने वाले लोगों को बैरंग लौटना पड़ रहा है। पीवी ऐप के विरोध करने के कारण के बारे में पटवारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष भागवत कश्यप ने बताया कि वर्तमान में प्रत्येक गांव में कई ऐसे खसरे हैं, जिनकी पूरी व वर्तमान की स्थिति की जानकारी स्पष्ट रूप से पोर्टल सहित ऑनलाइन माध्यम में दर्ज नहीं है। कई खसरों ऐसे हैं, जिनके कई टुकड़े हो चुके हैं और बंटवारे या विक्रय की वजह से भी इन खसरों में बदलाव हुए हैं। इन सब की पुष्ट जानकारी आनलाइन माध्यम में शामिल नहीं होने की वजह से एकाएक मौके पर जाकर इसमें छेड़छाड़ करने की वजह से भारी विवाद की स्थिति बन सकती है और इससे भूमि स्वामी सहित किसानों को भी बेवजह परेशान होना पड़ेगा। इसके अलावा वर्तमान में खेतों तक पहुंचना काफी कठिन है। यही वजह है कि पटवारी संघ पीवी ऐप के माध्यम से फसलों के भौतिक सत्यापन का विरोध कर रहा है। इसके अलावा भी कई तरह की तकनीकी खामियां इस ऐप में सामने आ रही हैं। मुख्य बात यह है कि इन समस्याओं को लेकर पूर्व में भी संघ ने ज्ञापन सौंपा था, किंतु इस संबंध में अब तक शासन स्तर पर कोई कदम नहीं उठाया गया है।



तकनीकी खामियों के निराकरण की मांग

पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष उमेश नायक ने बताया कि पीवी ऐप की खामियों और मैदानी स्तर पर आ रही समस्याओं का निराकरण किया करने की मांग की है। ताकि फसल सत्यापन का कार्य व्यवहारिक तरीके से पूरा हो सके। इसमें कई बार खसरे की स्थित सहित अन्य प्रविष्टियों को प्रदर्शित करने में त्रुटि हो रही है। जिससे भौतिक सत्यापन करने में कई तरह की त्रुटियां सामने आ रही है। संघ ने पीवी ऐप की समस्याओं का समाधान, पटवारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई वापस लेने तथा वेतन विसंगति और पदोन्नति से जुड़े मामलों के निराकरण की मांग की है।

ऐप के बहिष्कार पर कार्रवाई का विरोध

पटवारी संघ ने पीवी ऐप का बहिष्कार करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर भी आपत्ति जताई है। संघ के मुताबिक, बलौदाबाजार जिले में पदाधिकारियों और अन्य पटवारियों के तबादले किए गए तथा कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। वहीं, महासमुंद जिले में पटवारियों को निलंबित किए जाने का विरोध किया जा रहा है। संघ ने इन कार्रवाइयों को अनुचित बताते हुए संबंधित आदेशों को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

निस्तारी तालाब पर प्रदूषण का खतरा, इनलेट नाली के पास औद्योगिक डस्ट की डंपिंग

रायगढ़। ग्राम घोघरा में ग्रामीणों के निस्तार के एक मात्र तालाब पर औद्योगिक डस्ट से प्रदूषण का खतरा मंडरा रहा हुआ। तालाब में वर्षा का पानी पहुंचाने वाली मुख्य नाली के ठीक बगल स्थित खेत में सरपंच द्वारा भारी मात्रा में औद्योगिक डस्ट डंप कराया जा रहा है। यह डस्ट बहकर सीधे तालाब में पहुंचता है, जिससे पानी की गुणवत्ता प्रभावित होती है और इसका असर ग्रामीणों, मवेशियों तथा जलीय जीवों पर पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार इस तालाब का जलग्रहण क्षेत्र और पानी आने का मुख्य प्रवेश बिंदु है। ऐसे में यहां जमा औद्योगिक डस्ट बारिश के पानी के साथ नाली में बहकर तालाब तक पहुंच सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते डस्ट की डंपिंग नहीं रोकी गई और उसे सुरक्षित तरीके से नहीं हटाया गया तो आने वाले समय में तालाब के पानी को लेकर गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। ग्रामीणों के मुताबिक घोघरा गांव के 200 से अधिक परिवार इस तालाब पर विभिन्न जरूरतों के लिए निर्भर हैं। तालाब का उपयोग निस्तार, मवेशियों को पानी पिलाने और सिंचाई के लिए किया जाता है। ऐसे में तालाब का पानी प्रदूषित होने की स्थिति में ग्रामीणों के सामने पानी की उपलब्धता और उपयोग को लेकर संकट खड़ा हो सकता है। औद्योगिक डस्ट में मौजूद पदार्थों की प्रकृति और उनकी मात्रा के आधार पर जल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में जिला प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया गया है।

खबर संक्षेप

हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जनसुरक्षा को लेकर वन विभाग सक्रिय

जशपुरनगर। जशपुर वनमंडल की ओर से हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यापक स्तर पर सतर्कता और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वनमंडलाधिकारी जशपुर ने 12 अक्टूबर को तपकरा परिक्षेत्र के सागजोर बीट में हाथियों की उपस्थिति की सूचना मिलते ही वन अमले ने तत्परता दिखाते हुए आसपास के गांवों में मुनादी कर ग्रामीणों को जंगल में प्रवेश नहीं करने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की समझाइश दी। वन विभाग की ओर से स्थिति पर निरंतर नजर रखने के लिए ड्रोन की सहायता से निगरानी की जा रही है और मैदानी अमले को अलर्ट पर रखा गया है। विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि हाथियों की सूचना मिलने पर स्वयं हाथी को भगाने, घेरने या उसके निकट जाकर फोटो वीडियो बनाने का प्रयास न करें, बल्कि तत्काल वन विभाग को सूचना दें। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर रखने और नशे की स्थिति में जंगल की ओर नहीं जाने की अपील की गई है। वनमंडल ने कहा है कि ग्रामीणों का सहयोग, समय पर सूचना और सुरक्षा निर्देशों का पालन ही मानव-हाथी सह-अस्तित्व को सुरक्षित बनाए रखने में सबसे महत्वपूर्ण है और विभाग ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह सजग और सक्रिय है।

घायलों की मदद करने वालों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

जशपुरनगर। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद कर उनकी जान बचाने वाले नेक नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित राहवीर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में परिवहन आयुक्त कार्यालय, छत्तीसगढ़ की ओर सो सभी जिलों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। योजना के तहत पात्र राहवीरों को नियमानुसार 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। कलेक्टर रोहित व्यास ने संबंधित अधिकारियों को योजना के तहत प्राप्त प्रकरणों का परीक्षण कर पात्र राहवीरों को प्रोत्साहन राशि दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। परिवहन आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति प्राप्त प्रकरणों का परीक्षण कर निर्धारित प्रारूप में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएगी।

मजदूर ने की ग्रामीण से मारपीट, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम लुरगी निवासी रामचंद्र आ. कविलास राम (38 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि गांव के ही संतलाल को काम करने के एवज में एडवांस रूपए दिया था। गत दिन उसके घर काम करने के लिए बुलाने गया तो संतलाल ने काम करने से मना कर दिया जब रामचंद्र ने दिए गए एडवांस राशि की मांग की तो संतलाल ने राशि वापस करने से इंकार करते हुए गाली-गलौज करते हुए डंडे से मारपीट करना शुरू कर दिया।

लगातार झटका करंट लगने से हुई थी बालक की मौत

अम्बिकापुर। मवेशी चराते समय झटका करंट लगने से बालक की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच एवं पीएम रिपोर्ट के आधार पर मक्का बाड़ी में झटका करंट लगाने वाले किसान के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। पीएम रिपोर्ट में लगातार झटका करंट लगने से ग्रामीण की मौत होने की पुष्टि हुई। पुलिस के मुताबिक सामरी थाना अंतर्गत ग्राम सबाग अर्ख्ईनकोना निवासी निर्मल कोरवा आ. स्व. लालवेश्न कोरवा (14 वर्ष) 27 जुलाई को गांव के ही दसवा कोरवा के मक्का बाड़ी के पास मवेशी चला रहा था। इसी दौरान दसवा कोरवा द्वारा मक्का बाड़ी को जानवरों से बचाने के लिए सोलर पैनल सौर ऊर्जा के माध्यम से इनवाइटर में जोकर मक्का बाड़ी के चारों ओर लगाए गए झटका करंट की चपेट में आ गया जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर मवेशी घर आ गए लेकिन जब बालक वापस नहीं लौटा तो परिजन खोजबीन करना शुरू कर दिया। इसी बीच बालक दसवा कोरवा के मक्का बाड़ी के समीप मृत हालत में पड़ा मिला।

रायगढ़ से पृथक होकर बने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

सारंगढ़ के गोमर्डा अभयारण्य के 50 काले हिरण होंगे जल्द नए मेहमान, पर्यटन विकास को मिलेगी नई उड़ान

सारंगढ़-बिलाईगढ़। प्राकृतिक सौंदर्य घने जंगलों और समृद्ध वन्यजीव संपदा से परिपूर्ण सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अब पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा वन्यजीव संरक्षण और प्राकृतिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने की दिशा में की जा रही पहल से जिले के प्रसिद्ध गोमर्डा वन्यजीव अभयारण्य में विकास की नई संभावनाएं आकार लेने लगी हैं।

वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित राज्य वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति की उच्चस्तरीय बैठक में गोमर्डा अभयारण्य में 50 काले हिरण छोड़ने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने से जंगल सफारी की संभावनाओं को नई गति मिली है। यह निर्णय जिले की प्राकृतिक विरासत को पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने के



साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। राज्य शासन द्वारा वन्यजीवों के संरक्षणए संवर्धन और उनके प्राकृतिक आवास को समृद्ध बनाने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बारनवापारा अभयारण्य में काले हिरणों को खुले जंगल में छोड़ने का प्रयोग सफल होने के बाद अब गोमर्डा अभयारण्य में भी 50 काले हिरण स्थानांतरित करने की तैयारी है। वन मंत्री श्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में नवा रायपुर में आयोजित बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इससे अभयारण्य की जैव विविधता को मजबूती मिलने के साथ वन्यजीव पर्यटन के नए अवसर विकसित होने की उम्मीद है। गोमर्डा अभयारण्य सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है। यहां के हरे.भरे वनए शांत वातावरण और वन्यप्राणियों की विविधता पर्यटकों को आकर्षित करने की व्यापक क्षमता रखते हैं। जंगल सफारी की सुविधाएं विकसित होने से प्रकृति प्रेमियों को वन्यजीवों के प्राकृतिक परिवेश में अवलोकन का अवसर मिल सकेगा। इससे पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने के साथ जिले की पहचान प्रदेश के प्रमुख वन्यजीव पर्यटन स्थलों के रूप में स्थापित हो सकती है।

बदलेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था, युवाओं को आजीविका के नए अवसर

आने वाले समय में गोमर्डा अभयारण्य में पर्यटन गतिविधियों के विस्तार होती है तो आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलने की संभावना है। जंगल सफारी के संचालन से स्थानीय युवाओं के लिए पर्यटक मार्गदर्शक, वाहन चालक, परिवहन सेवा, भोजनालय, ग्रामीण आवास, हस्तशिल्प तथा स्थानीय उत्पादों के विपणन जैसे क्षेत्रों में रोजगार एवं स्वरोजगार के रास्ते खुल सकेंगे। पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही से छोटे व्यापारियों, महिला स्वसहायता समूहों और ग्रामीण उद्यमियों को भी आय अर्जित करने के अतिरिक्त साधन उपलब्ध हो सकते हैं। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के विधानसभा क्षेत्र रायगढ़ से ऐतिहासिक और भौगोलिक जुड़ाव रखने वाले सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के लिए पर्यटन क्षेत्र में यह पहल विशेष महत्व रखती है। उल्लेखनीय है कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला पूर्ववर्ती रायगढ़ तथा बलौदाबाजारद्भाटापारा जिलों के क्षेत्रों को मिलाकर गठित किया गया है। नवीन जिले में प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग और पर्यटन आधारित आर्थिक गतिविधियों के विस्तार से क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिल सकती है। विशेष रूप से ग्रामीण युवाओं को अपने ही क्षेत्र में आजीविका के अवसर उपलब्ध होने से स्थानीय अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने ठोस कार्ययोजना बनाएं दिसंबर तक पूरा करें पाठ्यक्रम : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधारए विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की शैक्षणिक क्षमता के अनुरूप मार्गदर्शन उपलब्ध कराते हुए कमजोर विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार किया जाए तथा मेधावी विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक में कलेक्टर ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के परीक्षा परिणामों में सुधार को प्राथमिकता देते हुए त्रैमासिक परीक्षा के परिणामों का विश्लेषण करने और अनुत्तीर्ण एवं कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके लिए विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। ऐसे विद्यार्थियों के लिए मेंटर शिक्षक नियुक्त करने, अतिरिक्त रेमेडियल कक्षाएं संचालित करने तथा महत्वपूर्ण प्रश्नों की श्रृंखला तैयार कर नियमित अभ्यास कराने को कहा। वहींए मेधावी विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं संचालित कर उनकी प्रतिभा को निखारने और उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

स्मार्ट क्लास की स्थिति सुधारने पर जोर

बैठक में विद्यालयों में संचालित स्मार्ट क्लास की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने खराब अथवा बंद स्मार्ट क्लास की विद्यालयवार सूची तैयार कर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिएए ताकि आवश्यक मरम्मत कराकर उन्हें शीघ्र पुनः क्रियाशील किया जा सके। उन्होंने विषय शिक्षकों की कमी वाले विद्यालयों में स्थानीय स्तर पर योग्य एवं प्रशिक्षित युवाओंए सेवानिवृत्त शिक्षकों तथा कॉलेज के विद्यार्थियों का सहयोग लेकर अध्यापन व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा जिससे निर्धारित समय पर पाठ्यक्रम पूरा किया जा सके।

दिसंबर तक पाठ्यक्रम पूरा करने के निर्देश

कलेक्टर ने सभी विद्यालयों में निर्धारित समय.सीमा के अनुसार पाठ्यक्रम पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2026 तक पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाएए ताकि विद्यार्थियों को पुनरावृत्ति और परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके। विद्यालयों में यूनिट टेस्ट का नियमित एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के साथ ही प्राप्त परिणामों का विश्लेषण कर विद्यार्थियों की सीखने संबंधी कमियों को दूर करने के निर्देश भी दिए।

आश्रम एवं छात्रावासों में स्वास्थ्य, सुरक्षा और पोषण पर दें विशेष ध्यानः कलेक्टर



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि आश्रम एवं छात्रावासों में निवासरत बच्चे अपने बेहतर भविष्य के सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। ऐसे में उन्हें सुरक्षित वातावरणए पौष्टिक भोजनए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आश्रम एवं छात्रावासों में बच्चों के स्वास्थ्यए सुरक्षा और पोषण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी आज जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आश्रम.छात्रावासों के सुव्यवस्थित संचालन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। कलेक्टर ने आश्रम एवं छात्रावासों के संचालन, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता तथा नियमित निरीक्षण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने छात्रावासों में बाउंड्रीवॉल, सुरक्षा गार्ड की तैनाती और अन्य जरूरी सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को छात्रावासों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करने के निर्देश दिएए ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण मिल सके।

बच्चों की बौद्धिक क्षमता और नवाचार को दें बढ़ावा

कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी बौद्धिक क्षमताए रचनात्मकता और नवाचार की भावना विकसित करने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने आश्रम एवं छात्रावासों में ऐसा शैक्षणिक वातावरण तैयार करने पर जोर दियाए जिससे बच्चों की प्रतिभा निखरे और उन्हें आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिलें।



स्पेशल कैंपेन 6.0 के तहत चक्रधर नगर स्कूल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र द्वारा 02 से 31 अक्टूबर तक संचालित राष्ट्रव्यापी अभियान स्पेशल कैंपेन 6.0 के अंतर्गत चक्रधर नगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से डस्टबिन वितरित किए गए। एसईसीएल के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को गीले और सूखे कचरे के सही निपटान तथा डस्टबिन के नियमित उपयोग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर सुंदर व विचारोत्तेजक चित्र बनाए। इसके साथ ही कबाड़ से कलाकृति गतिविधि आयोजित की गईए जिसमें अनुपयोगी वस्तुओं का पुनः उपयोग कर सुंदर एवं उपयोगी सामग्रियां बनाई गईं। समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन पर केंद्रित एक जीवंत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

नाटक के माध्यम से ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण एवं विभिन्न प्रकार के कचरे के लिए श्रेणी अनुसार गीला व सूखा डस्टबिन के उपयोग का प्रभावी प्रदर्शन किया गया। इस पूरे आयोजन से विद्यालय के छात्र.छात्राओं में स्वच्छता, पर्यावरण सुरक्षा और रीसायकलिंग के प्रति गहरा उत्साह और सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में एसईसीएल के अधिकारियों ने सफल आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया।

नेशनल इनोवेशन चैलेंज में नवाचार के लिए मिलेगा 10 लाख रुपए तक का पुरस्कार

रायगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत युवाओं, विद्यार्थियों, उद्यमियों एवं आम नागरिकों को नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नेशनल इनोवेशन चैलेंज 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से प्रतिभागी कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं के व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं। चयनित नवाचारों के क्रियान्वयन के लिए 10 लाख रुपए तक का पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

नेशनल इनोवेशन चैलेंज 2026 में स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी, व्यक्तिगत नवाचारकर्ता, आम नागरिक, स्टार्टअप, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एमएसएमई, कंपनियां, शोधकर्ता, शिक्षक और शैक्षणिक संस्थान भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी व्यक्तिगत अथवा टीम के रूप में आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित पात्रता के अनुसार संबंधित राज्य का निवास प्रमाण प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। इच्छुक प्रतिभागी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। आवेदन के लिए मोबाइल नंबर एवं ई.मेल का ओटीपी के माध्यम से सत्यापन, प्रोफाइल पूर्ण करने और आधार सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके बाद निर्धारित प्रारूप में संबंधित समस्याए नवाचारपूर्ण विचार और प्रस्तावित समाधान का विवरण भरना होगा। साथ ही आधिकारिक पावरपॉइंट पीपीटी प्रारूप में तैयार प्रस्तुति भी अपलोड करनी होगी। इस चैलेंज के अंतर्गत कृषि, गृह एवं कानून, महिला एवं बाल विकासए नगरीय विकासए रक्षाए स्वास्थ्यए ऊर्जाए उभरती प्रौद्योगिकी, विज्ञान तथा शिक्षा एवं रोजगार जैसे क्षेत्रों में नवाचार प्रस्तुत किए जा सकते हैं। प्रतिभागियों को आवेदन करने से पहले आधिकारिक पोर्टल पर उपलब्ध क्षेत्रवार सूचीए पात्रता संबंधी शर्तों और दिशा.निर्देशों का अवलोकन करना होगा।

खदेड़ने के दौरान हाथी ने कुचला बालक की दर्दनाक मौत

जशपुरनगर। सीमावर्ती जिले रायगढ़ से भटककर आए एक दंतैल हाथी के हमले ने एक हंसते-खेलते परिवार का चिराग बुझा दिया। तपकरा वन परिक्षेत्र में आने वाले माटीहेजा गांव में कल शाम हाथी को भगाने के प्रयास में 17 वर्षीय विनय केरकेट्टा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। किशोर की असामयिक मौत की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



वन विभाग की आम जनता से अपील-वन विभाग ने इस दुखद हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए ग्रामीणों से एक बार फिर अपील की है कि वे अपनी जान जोखिम में न डालें। उन्होंने अपील की है कि हाथी के करीब न जाएं व दल से भटके या आक्रामक हाथी को खुद खदेड़ने की कोशिश कभी न करें। साथ ही अपील की गई है कि शोर मचाकर या पत्थर फेंककर या पालतू जानवरों को आगे ने करें। हाथी को भड़काना जानलेवा साबित हो सकता है। हाथी की मौजूदगी की जानकारी मिलते ही तुरंत वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को सूचित करें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

पत्थलगांव खंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक खेल का शुभारंभ

पत्थलगांव। खंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार 13 अक्टूबर से हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर जनपद अध्यक्ष धनियारो परहा ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मां सरस्वती की पूजा कर राष्ट्रीयगान के साथ हाई स्कूल खेल मैदान में ओलम्पिक खेल का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि धनियारो परहा ने खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने को कहा व उनका हौसला बढ़ाया। गौरतलब है कि, विकासखंड से लगभग 200 प्रतिभागियों ने ओलंपिक खेल में हिस्सा लिया एवं अलग-अलग वर्गों के खेल में खिलाड़ियों ने वाहवाही बटोरी। छोटे से लेकर बड़े सभी ने 100 मीटर से लेकर 400 मीटर के दौड़ में अपना दम दिखाया। धनियारो परहा ने आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि, खेल ही खिलाड़ियों को बड़ा बनाता है। सभी खेलों के बेहतरीन खिलाड़ी आगे आएंगे व उन्हें आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। जनपद पंचायत के सीईओ संजय चंद्रा ने कहा कि, शासन की मंसा अनुरूप सरगुजा ओलंपिक खेल के जरिए खिलाड़ियों के खेल प्रतिभा को निखारना उन्हें बड़े खेलो के लिए तैयार करना एवं ग्रामीण स्तर से



खिलाड़ियों को आगे लाना है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शासन ने खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इन खेलों का आयोजन किया है। अब छोटे-छोटे गांव से सभी खेलो में खिलाड़ी बाहर आकर निखरेंगे, जिसमें ग्रामीण स्तर के खिलाड़ियों को ज्यादा मौके मिले सकेंगे। आयोजन का समापन बुधवार शाम को होगा। ओलंपिक खेल आयोजन कार्यक्रम में कलम साय विश्वकर्मा बीडीसी पत्रकार जितेंद्र गुप्ता, जितेंद्र सोनी, श्याम चौहान, पीटीआई अनिल श्रीवास्तव, धनु यादव मुकेश यादव, घनश्याम, सिविल अस्पताल से ललित यादव सहित काफी संख्या में खिलाड़ी पीटीआई एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

6 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से बन रहा उच्चस्तरीय पुल

मुख्यमंत्री की घोषणा पर त्वरित अमल, खर्रा नाला पुल निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा पर अमल करते हुए जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड में घूघरी–ढोढरअम्बा मार्ग स्थित खर्रा नाला पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है।

- घूघरी-ढोढरअम्बा मार्ग पर पुल से ग्रामीणों को मिलेगी राहत
- तहसील मुख्यालय पहुंचने के लिए तय करनी होगी कम दूरी

इस पुल के निर्माण के लिए 6 करोड़ 26 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। पुल बनकर तैयार होने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और विशेषकर बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी।



बरसात में आवागमन की समस्या से हमेशा के लिए मिलेगी मुक्ति

खर्रा नाला पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। बारिश के मौसम में नाले में पानी बढ़ने से आवागमन प्रभावित होने की समस्या से लोगों को राहत मिल जाएगी। पुल के निर्माण से ग्रामीणों को तहसील मुख्यालय तक पहुंचने के लिए कम दूरी तय करनी पड़ेगी। साथ ही, दैनिक आवागमन, आवश्यक कार्यों और अन्य जरूरतों के लिए आवाजाही अधिक सुगम हो सकेगी।

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप शुरू हुआ निर्माण

क्षेत्र के ग्रामीणों ने आवागमन की समस्या को देखते हुए खर्रा नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष रखी थी। ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने पुल निर्माण की घोषणा की थी। घोषणा के अनुरूप 6 करोड़ 26 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई गति

पुल का निर्माण पूरा होने से बगीचा विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। बरसात के दिनों में आवागमन की बाधा कम होने से ग्रामीणों को तहसील मुख्यालय तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। यह पुल क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण साधन बनेगा और स्थानीय स्तर पर संपर्क व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहायक होगा।

क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री साय के प्रति जताया आभार

खर्रा नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने और निर्माण कार्य प्रारंभ होने से क्षेत्र वासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। पुल के पूर्ण होने से क्षेत्र में लंबे समय से महसूस की जा रही आवागमन की समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

कलेक्टर रोहित व्यास ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। कलेक्टर श्री व्यास ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनदर्शन में आमजन ने अपनी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।



आज आयोजित जनदर्शन में कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व संबंधी प्रकरण, पेयजल, सड़क, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, अधोसंरचना विकास, आजीविका संवर्धन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़ी मांगें एवं समस्याएं शामिल थीं। कलेक्टर श्री व्यास ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर उनका समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।



सूर्या का मोशन पोस्टर जारी आक्रामक अंदाज में दिखे सनी

मुंबई। बॉलीवुड स्टार सनी देओल अपनी अपकमिंग फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' में एक नए अवतार से दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। अभिनेता ने सोमवार को फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करके इसकी आधिकारिक घोषणा की। फर्स्ट लुक पोस्टर में वह काफी गंभीर और आक्रामक अंदाज में नजर आ रहे हैं। मोशन पोस्टर में देखा जा सकता है कि सनी देओल उम्रदराज लग रहे हैं। उनकी दाढ़ी आधी पकी है और आधी काली है। वह सिगरेट पी रहे हैं और उनका लुक आक्रामक है। उन्होंने टी-शर्ट पहनी है। पोस्टर शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा 'अतीत और वर्तमान के बीच उलझा हुआ, वह सच का पता लगाता है! पेश है 'सूर्याः अंत से आरंभ तक'!

लाइफ Style

श्रेया

सीरीज 'सहर होने को है' से कमबैक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पर्दे पर किरदार निभाने वाले कलाकारों को कई बार ऐसे चैलेंज मिलते हैं जो सालों इंडस्ट्री में काम करने के बावजूद अलग और चुनौतीपूर्ण लगते हैं। खासकर अगर वह किरदार ग्रे या नेगेटिव हो तो। कुछ ऐसा ही है गुजराती सिनेमा में काम करने वाली एक्ट्रेस श्रेया दवे का हाल।

'बरसातें: मौसम प्यार का' के बाद दो साल तक वर्टिकल ड्रामा और गुजराती सिनेमा में काम करने के बाद, श्रेया दवे छोटे पर्दे पर लौट आई हैं। अभी वह 'सहर होने को है' में पार्थ समथान के किरदार की सौतेली बहन जीनत का रोल निभा रही हैं। एक्ट्रेस इस बात को लेकर एक्साइटेड हैं कि उनका किरदार कहानी में क्या-क्या मोड़ लाएगा। श्रेया कहती हैं, 'एक एक्टर के तौर पर जीनत का किरदार मेरे लिए इसलिए खास और रोमांचक है क्योंकि वह कहानी में कुछ बहुत ही बदलता है। उसका सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा होगा, जिससे मुझे अलग-अलग शेड्स और कई तरह की भावनाएं दिखाने का मौका मिलेगा। श्रेया ने कहा, 'मेरे लिए यही बात इस रोल को इतना खास बनाती है। जीनत मुझे एक एक्टर के तौर पर बिल्कुल अलग दायरे में ले जा रही है, जिससे मुझे ऐसी भावनाएं दिखाने का मौका मिल रहा है जो मैंने पहले कभी नहीं दिखाईं। यह नया, चैलेंजिंग और बेहद रोमांचक है और मुझे इस किरदार को समझने में बहुत मजा आ रहा है। मैं उसे पॉजिटिव या नेगेटिव का लेबल लगाकर किसी एक दायरे में नहीं बांधना चाहती। इसलिए, मैं यही कहूंगी कि जीनत को इतनी जल्दी जज न करें'।



हॉलीवुड मसाला



गॉडजिला माइनस... का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। गॉडजिला माइनस जीरो के लेटेस्ट ट्रेलर से कनफर्म होता है कि पिछली फिल्म में गॉडजिला पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ था। इसमें नए 'काइजू' (मॉन्स्टर) को खत्म करने के ऑपरेशन की झलक भी मिलती है और नए व पुराने किरदारों से इंट्रोड्यूस कराया जाता है। ट्रेलर की रिपोर्ट के मुताबिक टोहो ने कन्फर्म किया है कि फिल्म में किंग गिडोरा दूसरा मॉन्स्टर होगा। फेस्टिवल प्रीमियर की कवरेज में गॉडजिला और गिडोरा के बीच कई भयानक और खूनी लड़ाइयों का जिक्र है, जो जमीन और आसमान में और भी तेज हो जाती हैं।



पूर्व पत्नी की शादी में 'स्पाइडर मैन' अभिनेता बने पादरी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की जानी-मानी ज्वेलरी डिजाइनर जेनिफर मेयर और बिजनेसमैन ज्योफ ओगुन्सलेसी की शादी इन दिनों चर्चा में बनी हुई है। इस शादी में सबसे खास बात यह रही कि जेनिफर के एक्स-हसबैंड और 'स्पाइडर-मैन' अभिनेता टोबी मैग्वायर ने ही शादी की रस्में कराईं। पेज सिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जेनिफर मेयर और उनके मंगेतर ज्योफ ओगुन्सलेसी ने पिछले वीकेंड हवाई के फोर सीजन्स रिजॉर्ट लानाई में आउटडोर सेरेमनी में शादी की। खास बात यह है कि यह शादी जेनिफर और टोबी के तलाक के कुछ ही हफ्तों बाद में ही हो गई। 49 साल की जेनिफर ने शादी में स्ट्रैपलेस गाउन पहना था। वहीं, ज्योफ ब्लैक सूट और बो टाई पहने हुए नजर आए। शादी की तस्वीरों में टोबी मैग्वायर फॉर्मल कपड़ों में पादरी बनकर सेरेमनी कराते दिखाई दिए। इस दौरान न्यूली वेड कपल ने फूलों से सजे मंडप के नीचे एक-दूसरे को किस भी किया।



नखरेवाली में दिखेगी रोमांटिक कॉमेडी

मुंबई। 'तेरे इश्क में' और 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक आनंद एल राय की नई फिल्म 'नखरेवाली' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। खास बात यह है कि इस बार फिल्म को राहुल शंकल्या ने डायरेक्ट किया है। वहीं, जियो स्टूडियोज, आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा फिल्म के निर्माता हैं। जबकि इसकी कहानी दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'नखरेवाली' 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म प्यार, रिश्तों और महिला-पुरुष की भूमिकाओं को एक नए अंदाज में पेश करने का वादा करती है। फिल्म के पोस्टर पर एक टैगलाइन लिखी है, 'कभी-कभी प्यार में मजनू को भी लैला बनना पड़ता है', जो रिश्तों के पारंपरिक तौर-तरीकों में एक मजेदार बदलाव की तरफ इशारा करती है।



अर्जुन नागा की शूटिंग में व्यस्त रामपाल

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल इन दिनों अपनी फिल्म 'अर्जुन नागा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। एक्टर ने फिल्म की बीटीएस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इसके साथ निर्देशक अनिल शर्मा ने भी इस भी फिल्म से जुड़ा पोस्ट साझा किया। अर्जुन रामपाल ने सोमवार को अपनी आगामी फिल्म 'अर्जुन नागा' के सेट से एक तस्वीर साझा की। इतना ही नहीं उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'पहले दिन की शूटिंग शुरू हो रही है, अनिल शर्मा के निर्देशन में। अर्जुन नागा के लिए हमें अपना आशीर्वाद दें। हम दोनों में उत्कर्ष शर्मा भी हैं। यह एक शानदार सफर होने वाला है।' फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने भी फिल्म 'अर्जुन नागा' के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने फिल्म की शूटिंग का एक वीडियो पोस्ट किया।

टीवी मसाला

छह साल बाद अभिनय की दुनिया में लौटने को तैयार

नई दिल्ली। अभिनेत्री बिपाशा बसु लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर एक्टिंग का जादू बिखेरती नजर आएंगी। उनके हाथ एक वेब सीरीज लगी है। इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। बिपाशा बसु बिटिया देवी के जन्म के बाद से एक्टिंग से दूर हैं। मगर, उनके फैंस के लिए खुशखबरी है। अभिनेत्री करीब छह साल बाद अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने को तैयार हैं। वे



हंसल मेहता की वेब सीरीज से जुड़ी हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। बिपाशा बसु मशहूर फिल्ममेकर हंसल मेहता की नई सीरीज में एक अहम रोल में नजर आएंगी। अभी तक इस शो के बारे में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल, बस इतना पता चला है कि सनी कौशल और विशाल जेठवा भी इस शो में बिपाशा के साथ नजर आएंगे। सीरीज का नाम अभी तय नहीं है। हंसल मेहता की इस अनटाइटल्ड सीरीज को कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखा है। इसे 'ऑलमाइटी मोशन पिक्चर्स प्रोडक्शंस' के बैनर तले प्रमलीन संधू ने प्रोड्यूस किया है। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। यह शो प्राइम वीडियो पर आएगा। इसकी कहानी एक छोटे से, गुमनाम शहर की है, जो महाद्वीप की हेरोइन राजधानी बनने की कगार पर है। इसमें सनी कौशल एक ईमानदार पुलिस वाले का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी ईमानदारी और इंसानियत को बचाने की कोशिश करते हुए सिस्टम के अंदर और बाहर की ताकतवर ताकतों से लड़ते हैं'। इस सीरीज के जरिए बिपाशा बसु अपनी बेटी देवी के जन्म के बाद लंबे ब्रेक के बाद एक्टिंग में वापसी कर रही हैं।

दो दिन में बिग बॉस से बाहर हुए नकुल

नई दिल्ली। बिग बॉस 20' में हाल ही में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नकुल ढुल की वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई थी। मगर उनका सफर घर में एक हफ्ते भी नहीं चल सका। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि उन्हें दो ही दिन में बेघर कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर चल रही खबरों के अनुसार उन्होंने बिग बॉस का एक सख्त नियम तोड़ा है। नकुल ढुल 'बिग बॉस 20' को घर से बेघर कर दिया गया है। एक्स हैंडल 'बिग बॉस तक' के मुताबिक नकुल के घर में दाखिल होने के दूसरे दिन ही उनका एविक्शन हो चुका है। इस रिपोर्ट के मुताबिक नकुल जिन्हें 'मिट्ठू डॉन' के नाम से भी जाना जाता है उनका झगड़ा घर के पुराने प्रतिभागी गुल्लू से हो गया। इसके बाद दोनों में जमकर हाथापाई हो गई। बिग बॉस के मुख्य नियम को तोड़ने के लिए कथित तौर पर नकुल ढुल को बाहर कर दिया गया। इस रिपोर्ट में बताया गया कि नकुल और काजी तौकीर आपस में बात कर रहे थे। इस दौरान काजी, स्काउट का मजाक उड़ाने लगे। यह बात नकुल को पसंद नहीं आई। इसके बाद नकुल और स्काउट की काजी से बहस हो गई। वहां मौजूद गुल्लू ने इस मामले को शांत कराने की कोशिश की तो नकुल नाराज हो गए।



देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर 'मचान बाबा' का पोस्टर रिलीज

नई दिल्ली। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और संतों के जीवन से जुड़ी कहानियां इन दिनों सिनेमा में नई जगह बना रही हैं। नीब करौरी बाबा से प्रेरित फिल्म 'हनुमान अंश' की सफलता के बाद अब देश के सबसे रहस्यमयी संतों में गिने जाने वाले देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर आने जा रही है। फिल्म का नाम 'मचान बाबा' है। मेकर्स ने इसका टाइटल पोस्टर जारी कर दिया है। फिल्म फिलहाल रिसर्च और प्री-प्रोडक्शन के दौर में है और इसे 2027 में रिलीज करने की तैयारी है। देवराहा बाबा की पहचान उनके मचान से जुड़ी थी। वह नदी किनारे जमीन से कई फीट ऊपर बने मचान पर रहते और वहीं से श्रद्धालुओं से मिलते थे। लेकिन उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा रहस्य उनकी उम्र को लेकर रहा। बाबा कितने वर्ष जीवित रहे, इसे लेकर अलग-अलग दावे और जनश्रुतियां मौजूद हैं। लेखक अभिजीत सेन ने भी अपनी पुस्तक में देवराहा बाबा की असाधारण दीर्घायु से जुड़े विभिन्न विवरणों और स्मृतियों की पड़ताल की है। कुछ कथाओं में उनकी आयु 500 वर्ष से भी अधिक होने तक के दावे किए गए हैं, हालांकि इसका कोई सर्वमान्य ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। देवराहा बाबा के बारे में सबसे दिलचस्प बात यह भी है कि उनके साथ अलग-अलग दौर की कई बड़ी राजनीतिक हस्तियों के प्रसंग जुड़े हैं। ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम की 1911 में बाबा से मुलाकात का दावा पुराने विवरणों में मिलता है। 2009 में संसद में हुई चर्चा के दौरान भी इस प्रसंग का उल्लेख किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देवराहा बाबा से मुलाकात और उनके आशीर्वाद से जुड़ी कहानी भी काफी चर्चित रही है। इसी तरह 1989 में राम मंदिर शिलान्यास से पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बाबा से हुई मुलाकात का उल्लेख विभिन्न संस्मरणों में मिलता है।



'गणेशः डस्ट टू स्टारडस्ट' में दिखेगी कोरियोग्राफर की जिंदगी की कहानी

नई दिल्ली। कोरियोग्राफर-फिल्ममेकर गणेश आचार्य ने रविवार को अपनी आने वाली फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' का ट्रेलर जारी किया। यह एक बायोग्राफिकल ड्रामा है जो एक साधारण शुरुआत से लेकर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने कोरियोग्राफर बनने तक के उनके सफर को दिखाता है। आचार्य द्वारा लिखी और निर्देशित यह फिल्म, सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के उनके सपने को पूरा करने के दौरान किए गए संघर्ष, त्याग और दृढ़ संकल्प की कहानी है। यह फिल्म इंडस्ट्री में उनके आगे बढ़ने के सफर को दिखाती है और उन चुनौतियों को भी उजागर करती है जिनका उन्होंने रास्ते में सामना किया। गणेश आचार्य की जिंदगी पर बनी फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार और इमोशनल है। अक्षय कुमार और अजय देवगन ने भी इस ट्रेलर को अपने-अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। ट्रेलर में उनके संघर्ष, मेहनत और सफलता की कहानी को दिखाया गया है। जिसमें कम उम्र में उनके पिता का निधन, आर्थिक तंगी, कम उम्र में कमाई और फिर 12 साल की उम्र में डांस की फील्ड में करियर बनाने की जिद दिखाई गई है। दर्शकों को ट्रेलर काफी पसंद आ रहा है। ट्रेलर कोरियोग्राफर के पर्सनल और प्रोफेशनल सफर की एक झलक दिखाता है, जिसमें डांस और भावुक पल कहानी का अहम हिस्सा हैं। शिवांशु सोनी, आलोक शॉ, सुकन्या कलान और साक्षी पावस्कर अभिनीत यह फिल्म 11 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आचार्य ने एक बयान में कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हर किसी को सपने देखने का अधिकार है, लेकिन सिर्फ सपने देखने से वे सच नहीं होते। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, त्याग करना पड़ता है और आगे बढ़ते रहना पड़ता है, चाहे सफर कितना भी मुश्किल क्यों न हो। 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' के जरिए हमने इसी भावना को जीवंत करने की कोशिश की है'।



मनोरंजन के शौकीनों के लिए खास रहेगा यह सप्ताह

ओटीटी पर दस्तक देंगी ये धमाकेदार फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। *नए सप्ताह के साथ नई फिल्मों और सीरीज का इंतजार भी शुरू हो जाता है। थिएटर्स में यामी गौतम की नई नवेली और राजकुमार राव की प्रहार आएंगी। वहीं, ओटीटी पर भी मनोरंजन की अच्छी डोज मिलने वाली है।*

द ट्रैप : यह जर्मन साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज है। छह एपिसोड की लिमिटेड सीरीज 13 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह सीरीज लेखिका मेलानी राबे के बेस्टसेलिंग उपन्यास पर आधारित है। लेखिका अपनी बहन की हत्या के बाद पिछले 10 वर्षों से घर से बाहर नहीं निकली है। एक दिन उसे टीवी पर एक ऐसा शख्स दिखाई देता है, जिसे देखकर उसे लगता है कि वही उसकी बहन का हत्यारा है। वह सच्चाई सामने लाने के लिए एक जोखिम भरी योजना बनाती है।

कॉफी विद करण सीजन 9 : निर्माता-निर्देशक का चर्चित शो 'कॉफी विद करण' का नौवां सीजन इस वीक रिलीज होगा। यह सीजन आखिरी भी है। यह सेलिब्रिटी टॉक शो है। इसमें करण जौहर इंडस्ट्री के सितारों के साथ दिलचस्प बातें करते हैं और कई अनसुने किस्से बाहर आते हैं। 14 अक्टूबर से 'कॉफी विद करण सीजन 9' को दर्शक जियो हॉटस्टार पर देख सकेंगे।



इंडियन आइडियल लीजेंड्स रिटर्न

चर्चित सिंगिंग रियलिटी शो के पिछले सीजन के मशहूर सिंगर्स इसमें नजर आएंगे जो सिंगिंग मुकाबले में हिस्सा लेंगे। इस शो के जज होंगे हिमेश रेशमिया। वहीं, अभिजीत सावंत, सलमान अली समेत कई पूर्व प्रतियोगी इस शो में नजर आएंगे। इसका प्रीमियर एपिसोड 17 अक्टूबर को आएगा। वहीं, हर शनिवार और रविवार को रात आठ बजे यह शो प्रसारित होगा। इसे सोनी पर देख सकेंगे।

विजन क्वेस्ट : यह मार्वल की सुपरहीरो एक्शन सीरीज है। दर्शक इसे 14 अक्टूबर 2026 से जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। हालांकि, स्पष्ट कर दें कि 14 अक्टूबर को इसका पहला और दूसरा एपिसोड स्ट्रीम होगा। यह सीरीज हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में उपलब्ध होगी।

सैक्रिफाइस : यह एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसमें क्रिस इवांस, अन्या टेलर-जॉय और सलमा हायेक अहम भूमिकाओं में हैं। इसे 16 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

लव इन डिस्गाइज : अगर के-ड्रामा में दिलचस्पी है तो इसे देख सकते हैं। यह एक रोमांटिक थ्रिलर ड्रामा है। इम सिवान, सियोल इन आह, किम जंग ह्यून और येनवू अभिनीत 'लव इन डिस्गाइज' 19 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

खबर संक्षेप

बालिका गृह में स्पर्धाओं का आयोजन

रायगढ़। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर चक्रधर बालिका गृह, रायगढ़ में बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उनकी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी ली गई। इस अवसर पर ड्राइंग एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जनदर्शन में समस्याओं का अंबार

रायगढ़। जनदर्शन में समस्याओं का अंबार है। कहीं स्कूल भवन की जरुरत है तो कहीं सड़क की मांग। याने जिले में सैकड़ों शिविर का आयोजन किया जा रहा है, लेकिन वहां किसी तरह का समाधान नहीं होने की वजह से लोग जनदर्शन में पहुंच रहे हैं। इसका प्रमाण यह है कि हर जनदर्शन में सैकड़ों आवेदन लेकर लोग पहुंच रहे हैं। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जनदर्शन में पहुंचे आम लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने विभिन्न मांगों, शिकायतों और समस्याओं को संबंधित आवेदनों को निराकरण करने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत नूनदरहा के सरपंच ने वीबीजी राम जी योजना के तहत स्कूल में अहाता निर्माण की मांग की। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ इसके लिए निर्देश दिया। ग्राम बैहामुड़ा के मंगल राठिया और बालमती राठिया ने वन अधिकार पट्टा की मांग की। ग्राम सकरलिया के शनिराम बिरहोर ने अपने रकबे का किसान एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन नहीं होने की शिकायत की। ग्राम अमलीडोडा के ग्रामीणों ने नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण, गौरबहरी के ग्रामीणों ने माध्यमिक शाला में शिक्षक की व्यवस्था तथा ग्राम औरदा के अंजोर सिंह ने मनरेगा के तहत किए गए कार्य की राशि दिलाने की मांग की। इसके अलावा ग्राम पेलमा से झरियापाल तक सड़क निर्माण तथा ग्राम पंचायत कसडोल में उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना और आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत के लिए भी आवेदन प्रस्तुत किए गए।

ओसीडी को मात देकर महिला ने पाया नया जीवन

रायगढ़। जिला अस्पताल की जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई ने इसी दिशा में एक महिला को नई उम्मीद दी है। ऑब्सेसिव कंपलसिव डिसऑर्डर ओसीडी से जूझ रही महिला उपचार और नियमित काउंसलिंग के बाद अब बेहतर महसूस कर रही हैं। सेवा संकल्प अभियान के तहत चिकित्सकों के प्रयास से जिला अस्पताल की मानसिक स्वास्थ्य इकाई लोगों को उपचार, परामर्श और सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है। मीना शर्मा को बार बार नकारात्मक विचार आने और एक ही बात की जांच करने की परेशानी थी।

जल जीवन से बदली कोरापानी की तस्वीर

सारंगढ़। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित जल जीवन मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में खुशहाली और सकारात्मक बदलाव की नई कहानी लिख रहा है। कभी पीने के पानी के लिए कुएं, हैंडपंप और नदी पर निर्भर रहने वाले ग्रामीणों के घरों तक अब नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है। इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत परसदा छोटे के आश्रित ग्राम कोरापानी में देखने को मिल रही है। यहां जल जीवन मिशन ने ग्रामीणों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान कर उनके दैनिक जीवन को आसान बना दिया है। ग्राम कोरापानी में लगभग 110 की आबादी निवास करती है, जिसमें कुल 25 परिवार शामिल हैं। जल जीवन मिशन के पहले यहां के ग्रामीणों को पेयजल के लिए कुएं, हैंडपंप और नदी पर निर्भर रहना पड़ता था। विशेषकर महिलाओं को प्रतिदिन पानी लाने के लिए काफी समय और मेहनत करनी पड़ती थी। गर्मी के दिनों में भूजल स्तर नीचे चले जाने से हैंडपंपों में पानी की उपलब्धता कम हो जाती थी।

एनटीपीसी की पहल, प्रस्तावित स्टेडियम का भूमि पूजन

आरमुड़ा में बनेगा स्टेडियम, खेल प्रतिभाओं को निखारने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने, स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और सामुदायिक विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से एनटीपीसी लारा द्वारा सीएसआर पहल के अंतर्गत ग्राम अरमुड़ा में प्रस्तावित एनटीपीसी स्टेडियम का भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया।


भूमि पूजन में शामिल एनटीपीसी के अधिकारी और ग्रामीण।

इस अवसर पर एनटीपीसी लारा के परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर, महाप्रबंधक इंजीनियरिंग श्रीमती कातंगुर सुष्मिता रेड्डी, महाप्रबंधक परियोजनाएं राजन कुमार श्रीवास्तव, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन जाकिर खान सहित एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी, ग्राम सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। स्टेडियम निर्माण की शुरुआत क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सामुदायिक पहल है। प्रस्तावित स्टेडियम का उद्देश्य ग्राम अरमुड़ा एवं आसपास के गांवों के युवाओं और खेल प्रेमियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इससे स्थानीय युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने, विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लेने तथा अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जैसे मूल्यों को अपनाने के अवसर मिलेंगे। यह पहल एनटीपीसी लारा की समावेशी एवं सतत सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। औद्योगिक विकास के साथ साथ आसपास के क्षेत्रों के सामाजिक उत्थान और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए एनटीपीसी लारा निरंतर विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित कर रहा है। प्रस्तावित स्टेडियम से क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलने, युवाओं में स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ने तथा ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए बेहतर मंच मिलने की उम्मीद है। एनटीपीसी लारा की यह पहल ग्रामीण युवाओं की आकांक्षाओं को साकार करने और खेलों के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जनगणना करने ग्रामीण क्षेत्र के 55 अधिकारी-कर्मचारी ले रहे प्रशिक्षण

- 14-15 अक्टूबर को नगरीय क्षेत्र के अधिकारियों को दी जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



2027 की तैयारियों के तहत रायगढ़ जिले में जिला स्तरीय द्वितीय चरण का प्रशिक्षण सह कार्यशाला शुरू हो गई है। दो चरणों में आयोजित इस प्रशिक्षण के प्रथम चरण में ग्रामीण क्षेत्र के चार्ज अधिकारी, सहायक चार्ज अधिकारी, प्रगणक एवं जनगणना लिपिक शामिल हो रहे हैं। राज्य मास्टर ट्रेनर अशोक मिश्रा एवं शेषदेव पंडा द्वारा जनगणना की प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी जा रही है।

राज्य जनगणना निदेशालय, रायपुर के निर्देशानुसार प्रशिक्षण का प्रथम चरण 12 एवं 13 अक्टूबर तथा द्वितीय चरण 14 एवं 15 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण में ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 55 अधिकारी कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। दूसरे चरण में नगरीय क्षेत्र के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में जनगणना के द्वितीय चरण में किए जाने वाले कार्यों, निर्धारित प्रक्रियाओं और विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों कर्मचारियों को जनगणना कार्य की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है, ताकि निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्यों का सटीक और समयबद्ध क्रियान्वयन किया जा सके। कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण में शामिल अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशिक्षण गंभीरता और एकाग्रता से प्राप्त करने के निर्देश दिए। लगभग 55 अधिकारी कर्मचारी शामिल हैं। नगरीय क्षेत्र के अधिकारियों का प्रशिक्षण 14 एवं 15 अक्टूबर को आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में जनगणना के द्वितीय चरण से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं और कार्यों की जानकारी दी जा रही है।

रामभांठा स्वास्थ्य केन्द्र ने हासिल किया 88.79 प्रतिशत अंक



रायगढ़। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 88.79 प्रतिशत अंक हासिल किया है। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित इस स्वास्थ्य केन्द्र ने गुणवत्ता मूल्यांकन के निर्धारित मानकों पर खरा उतरकर क्वालिटी सर्टिफिकेट गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्राप्त करने की उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों की सुविधाओं, स्वच्छता और बेहतर प्रबंधन के प्रति स्वास्थ्य केन्द्र की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

भारत सरकार द्वारा शासकीय चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम संचालित किया जाता है। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा का 17 एवं 18 जुलाई को दो दिवसीय निरीक्षण किया गया। भारत सरकार की विशेषज्ञ टीम में डॉ. अजय सिंह एवं डॉ. विवेक भारती शामिल थे। टीम ने स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध सेवाओं, मरीजों के अधिकार, आधारभूत सुविधाओं, सहायक सेवाओं, उपचार व्यवस्था, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं के परिणामों सहित विभिन्न मानकों का परीक्षण किया। मूल्यांकन के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र के 12 विभागों की सेवाओं का आकलन किया गया।

दहेज प्रताड़ना से परेशान महिला को सखी वन स्टॉप सेंटर ने दिलाया न्याय

सारंगढ़। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर संकट में फंसी महिलाओं के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षा की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के तहत सारंगढ़दृबिलाईगढ़ जिले का सखी वन स्टॉप सेंटर घरेलू हिंसाए दहेज प्रताड़ना और अन्य समस्याओं से पीड़ित महिलाओं को परामर्श सहयोग एवं न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में केंद्र के प्रयासों से दहेज प्रताड़ना से परेशान एक महिला को राहत मिली और विवाह में प्राप्त उसका सामान वापस दिलाया गया। जिले की एक महिला ने सुखद वैवाहिक जीवन के सपनों के साथ अपने नए जीवन की शुरुआत की थी, लेकिन शादी के महज एक माह बाद ही उसके सपनों पर संकट के बादल मंडराने लगे।

दीपक को मिला मैन ऑफ़ द मैच और मैन ऑफ़ द सीरीज का खिताब

फाइन स्टार को 52 रन से हरा कर ब्रदर्स 11 ने जीता टपरंगा प्रीमियर लीग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





ग्राम टपरंगा में पहली बार टपरंगा प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। फाइनल मुक़ाबला फाइन स्टार और ब्रदर 11 के बीच खेला गया। एकतरफा मुकाबले में 125 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइन स्टार की टीम सभी विकेट खोकर मात्र 72 रन बना सकी और 52 रनों के विशाल अंतर से फाइनल मुकाबला हार गई! फाइनल मैच और प्रतियोगिता के बेस्ट खिलाड़ी का पुरस्कार ब्रदर्स 11 के दीपक गुप्ता को दिया गया।

जिंदल पॉवर के जिंदल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता का शुभारम्भ 5 अक्टूबर को हुआ था, जिसमें 10 टीम शामिल हुई, इससे पहले 140 खिलाड़ियों की नीलामी आई पी एल के तर्ज़ पर हुई, खिलाड़ियों को विभिन्न फ्रेंचाइजी टीम के मालिकों ने ख़रीदा! प्रतियोगिता लीग आधार पर खेली गई। फाइनल मुकाबला सोमवार 12 अक्टूबर को खेला गया। फाइन स्टार के कप्तान आदी भगत ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। ब्रदर्स 11 के खिलाड़ियों ने धमाकेदार शुरुआत की और निर्धारित 10 ओवर में 124 रनो का पहाड़ खड़ा कर दिया! 12.5 रन प्रति ओवर की आस्किंग रेट से रन बनाने का दबाव फाइन स्टार के खिलाड़ियों पर शुरु से दिखाए एक भी बड़ी साझेदारी नहीं हुई। लिहाजा पूरी टीम 10 ओवर भी नहीं खेल सकी और 72 रन पर ऑल आउट हो गई। दीपक गुप्ता ने चार विकेट लिए, जिसके कारण उन्हें मैन ऑफ़ द मैच का अवार्ड दिया गया।

जिंदल पॉवर के अधिकारियों ने की हौसला अफजाई

जिंदल फाउंडेशन और ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले के अतिथि जिंदल पॉवर के अधिकारी रहे। मुख्य अतिथि सेक्टर 1 के वीपी राजेश दुबे थे, उनके अलावा गारे 4/1 के वीपी विजय जैन, लैंड अक्विजीशन एंड लाइजनिंग हेड वीपी संजय श्रीवास्तव, असोसिएट वॉइस प्रेसिडेंट सीएसआर ऋषिकेश शर्मा, जीएम सीएसआर राजेश रावत अन्य अतिथि थे। इनके अलावा ग्राम की सरपंच सुकांति हेमसागर सिदार और अन्य ग्रामीण थे। कार्यक्रम का संचालन विनोद गुप्ता ने किया तो कमेंट्री प्रफुल्ल सतपथी और विनोद गुप्ता ने सुनाई।

धरमजयगढ़ में डीएमएफ के कार्यों में कोताही ठेकेदार और इंजीनियर के खिलाफ होगी कार्रवाई

- डीएमएफ के कार्यों में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई, गुणवत्ता से समझौता नहीं



रायगढ़। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि डीएमएफ के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को पूरी गंभीरता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार की समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यों में लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने धरमजयगढ़ क्षेत्र में डीएमएफ के कार्यों में लापरवाही की जानकारी मिलने पर संबंधित ठेकेदार और इंजीनियर के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को डीएमएफ के निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा गुणवत्ता में कमी या किसी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर तत्काल जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं। कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे डीसीएस और एग्रीस्टैक की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं और आवश्यक सुझावों से तत्काल अवगत कराएं, ताकि उन्हें शासन स्तर पर भेजकर निराकरण कराया जा सके।

पहाड़ी कोरवा परिवार जोड़े जाएंगे योजनाओं से

कलेक्टर ने जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए किए जा रहे सर्वे की जानकारी ली। उन्होंने सर्वे के आधार पर योजनाओं से वंचित परिवारों की पहचान कर उनकी आवश्यकताओं का विश्लेषण करने तथा संबंधित विभागों के समन्वय से पात्र परिवारों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए।

उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन

रायगढ़। युवाओं में नवाचार, स्वरोजगार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ओपी जिंदल विश्वविद्यालय में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज 2026 के अंतर्गत उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के लगभग 75 से 80 छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्टार्टअप की संभावनाओं तथा नवाचार आधारित उद्यम शुरू करने से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं को सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज 2026 के उद्देश्य, स्टार्टअप की अवधारणा और इसमें भाग लेने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने प्रश्न उत्तर के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा नवाचार और नए व्यावसायिक विचारों को आगे बढ़ाने में रुचि दिखाई। इस दौरान विद्यार्थियों ने इनोवेटिव इंडिया के साथ मिलकर सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के अंतर्गत आवेदन करने की इच्छा भी व्यक्त की।

अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष से चौहान समाज ने की भवन की मांग

सारंगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल चौहान बरमकेला क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान चौहान समाज में खासा उत्साह देखने को मिला। उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने अपनी मांगों और समस्याओं को सामने रखा। वहीं अनुसूचित जाति वर्ग की मजबूती, सामाजिक उत्थान और विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। बहरहाल क्षेत्र के दौरे के समय चौहान समाज भवन निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई गई। समाज के लोगों ने भवन की आवश्यकता बताते हुए इसके निर्माण के लिए पहल करने का आग्रह किया।



इस पर आयोग अध्यक्ष रामलाल चौहान ने आश्वासन दिया कि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही के साथ मुख्यमंत्री से भवन निर्माण के संबंध में चर्चा की जाएगी और समाज को भवन उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जाएंगे। चौहान समाज भवन की मांग लंबे समय से समाज के लिए महत्वपूर्ण विषय रही है। ऐसे में आयोग अध्यक्ष के दौरे के दौरान इस मुद्दे पर मिले आश्वासन से समाज के लोगों में उम्मीद जगी है। अब समाज की नजरें मुख्यमंत्री के साथ प्रस्तावित चर्चा और भवन निर्माण की दिशा में होने वाली आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। कार्यक्रम में समाज की एकजुटता, अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों और सामाजिक विकास को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। दौरे के दौरान जनपद सभाकक्ष मे भव्य स्वागत और चर्चा ने चौहान समाज की अपेक्षाओं को सामने लाने का अवसर प्रदान किया।अब बड़ा सवाल यह है कि चौहान समाज भवन की मांग कब पूरी होगी और इसके निर्माण के लिए शासन स्तर पर कब तक ठोस पहल की जाएगी। फिलहाल आयोग अध्यक्ष के आश्वासन के बाद समाज को इस मांग के पूरा होने की उम्मीद है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

मोहदी बना सापखंड सकरबोगा क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सापखंड सकरबोगा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। खिताबी भिड़ंत में मोहदी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लिटाईपाली को 11 रनों से शिकस्त दी और ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में एसएसपी शशि मोहन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया गया।



फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर मोहदी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने 99 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। मोहदी की ओर से गोविंदा ने 34 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाने में अहम योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लिटाईपाली की टीम मोहदी के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। लिटाईपाली की पूरी टीम 88 रनों पर सिमट गई। इसके साथ ही मोहदी ने 11 रनों से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए कैलाश प्रधान को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप रेंजर साइकिल प्रदान की गई। प्रतियोगिता में अन्य खिलाड़ियों को भी उनके प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया गया। प्रमुख पुरस्कार विजेताओं में कैलाश प्रधान को मैन ऑफ द सीरीज, अजीत केंनसरा को बेस्ट बैट्समैन, लिटाईपाली के सूरज को बेस्ट बॉलर और सुमित प्रधान को इमर्जिंग प्लेयर का पुरस्कार दिया गया।

एसएसपी ने बढ़ाया उत्साह

समापन समारोह में एसएसपी शशि मोहन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ ग्रामीण एकता समिति के अध्यक्ष दीपक प्रधान, उपाध्यक्ष किशोर गुप्ता और सचिव महेंद्र साव भी मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए खेल भावना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने वाले ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। सापखंड सकरबोगा क्रिकेट टूर्नामेंट को सफल बनाने में क्रिकेट समिति के सदस्यों और ग्रामीणों की अहम भूमिका रही। आयोजन में आशीष प्रधान, किशोर, पिंटू सहित अन्य ग्रामीणों और सहयोगियों ने योगदान दिया।

